Publication	Page No	Date
Dainik Tribune (Delhi)	12	07 December'11

गुड़गांव में वूमेन इंडियन ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में शॉट लगाती भारतीय गोल्फर शर्मिला निकोलेट। -सैय्यद अहमद/दैनिक ट्रिब्यून

यूरोपीय दिग्गजों को चुनौती देंगी भारतीय महिला गोल्फर

महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट

गुड़गांव, 6 दिसंबर (वार्ता)। भारत की शीर्ष महिला गोल्फर गुरुवार से यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में शुरु हो रहे तीन लाख डालर के पांचवें हीरो महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में दिग्गज यूरोपीय खिलाड़ियों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं।

गत चैंपियन और महान महिला गोल्फरों में शुमार सात बार की यूरोपियन आर्डर आफ मेरिट विजेता लौरा डेविस, कमाई सूची में चार बार की विजेता स्वीडन की सोफी गुस्तافसन, नयी सनसनी कैरोलीन हैडवैल और अमेरिका की क्रिस्टीना किम इस बार खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। वर्ष 2008 और 2009 में इंडियन ओपन जीत चुकी थाईलैंड की फटलुम पोर्नानोंग इस बार फिर टूर्नामेंट में लौट रही हैं और खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

भारतीय चुनौती का दारोमदार घरेलू महिला प्रोफेशनल गोल्फ टूर में शीर्ष पर चल रही शर्मिला निकोलेट, अनुभवी स्मृति मेहरा, नलिनी सिंह सिवाच, नेहा त्रिपाठी और सानिया शर्मा पर रहेगा। टूर्नामेंट में कुल 108 खिलाडी हिस्सा लेंगी और विजेता को 33750 डालर की पुरस्कार राशि मिलेगी। राज प्रकाश जगबीर1700 जारभारतीय महिला गोल्फ में वेटरन मानी जाने वाली स्मृति मेहरा ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपने टखने की चोट से उबर चुकी हैं और कड़ी मेहनत के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उतरने के लिए तैयार हैं।

अपनी प्रतिभा के साथ-साथ अपने ग्लैमर के लिए सबसे आकर्षण का केन्द्र बनी शर्मिला ने कहा कि उनका यूरोप का अनुभव यहां काम आएगा। उन्होंने कहा-मैंने स्लोवाकिया और फिनलैंड में टूर्नामेंट खेलकर काफी कुछ सीखा है। हालांकि मेरे लिए यह मुश्किल वर्ष रहा है लेकिन डीएलएफ कोर्स मेरा पसंदीदा कोर्स है और मुझे एक अच्छे सप्ताह का इंतजार है।

महिला टूर में अच्छा प्रदर्शन कर रही नलिनी ने कहा कि वह अपने नए आत्मविश्वास को इस टूर्नामेंट में भी ले जाएंगी। महिला इंडियन ओपन के पांचवें संस्करण में कुल 26 देशों की खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट से पूर्व मंगलवार को टीम एशिया और टीम यूरोप के बीच स्किल चैलेंज का आयोजन किया गया जिसमें एशिया ने शर्मिला और नलिनी के बेहतरीन खेल से 3-1 से बाजी मार ली।